RAF SECTOR
NEWS CLIP
01/02/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

United Bharat, Prayagraj (UP)

आरएएफ के चिकित्सकों ने पिलाया पोलियो ड्रॉप

सहसों कार्यालय

फाफामऊ: प्रयागराज। शांतिपुरम फफामऊ स्थित १०१ आर०ए०एफ० वाहिनी चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० के०के० सिंह के दिशा निर्देशन में एक शिविर लगाकर नवजात शिशुओं से लेकर ५ वर्ष की आयु के छोटे

बच्चों को खतरनाक बीमारी पोलियो से बचने के लिए पोलियो ड्राप पिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कावाध्यक्षा श्रीमती सुनीता निगम ने बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर किया। डॉ० के०के० सिंह ने सभी जवानों और उनके परिवारजनों को पोलियो ड्राप से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही क्षेत्रीय कावाध्यक्षा श्रीमती सुनीता निगम ने कैंप परिसर में कैंप की महिलाओं व बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम/संगोष्ठी का आयोजन आयुष्मान चिकित्सालय की चिकित्सका कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ० ममता आनंद के सहयोग से कराया। डॉ० ममता ने सर्वाइकल कैंसर रोग होने के कारण व इससे बचाव से संबंधित विस्तृत जानकारी संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को दी। वाहिनी के कमांडेंट आर०के० निगम ने यह सुनिश्चित कराया कि कैंप के सभी बच्चों को पोलियो ड्राप की दवा पिलाया जाए। इस मौके पर के० के० सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी व पवन कुमार उप कमांडेंट उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur (JKD)

रैफ के कमांडेंट ने युवाओं को दी सीआरपीएफ में भर्ती की जानकारी

जमशेदपुर | सुंदरनगर 106 बटालियन रैफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह और डिप्टी कमांडेंट अनुज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत शनिवार को व्यांगबिल गांव में जागरुकता अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों को सीआरपीएफ में भर्ती प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

रैफ ने व्यांगबिल में चलाया जागरूकता अभियान

जमशेदपुर. 106 बटालियन रैफ के ए कंपनी द्वारा गोद लिए गये व्यांगबिल गांव में शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया. जमशेदपुर स्टेशन स्थित 106 बटालियन रैफ के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं उप कमाडेंट अनुज कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे एक भारत-श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम किया गया.

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।